श्री कलराज मिश्र

माननीय राज्यपाल, राजस्थान का उद्बोधन

दिव्यांगों को स्कूटी वितरण

दिनांक 08 फरवरी, 2020 **समय दोपहर 3.00 बजे**

स्थान – रानीबाग रिसोर्ट, ब्यावर – अजमेर

माननीय सांसद दीया कुमारी जी, माननीय विधायक श्री शंकर सिंह रावत जी, माननीय विधायक श्रीमती किरण माहेश्वरी जी, माननीय विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ जी, माननीय विधायक श्री अविनाथ गहलोत जी, माननीय विधायक श्रीमती इन्द्रा बावरी जी, भाइयो, बहनो, पत्रकार बन्धुओ और छायाकार मित्रो।

राजसमंद सांसद दिया कुमारी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समाज सेवी संस्था प्रिसेंज दिया कुमारी फाउण्डेशन और महाराजा सवाई मानसिंह म्यूजियम ट्रस्ट–II द्वारा दिव्यांगों को स्कूटी वितरण किया जाना एक यादगार पल साबित होगा। मुझे यहां आप सभी के बीच आकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

दिव्यांग हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग होते है। हमारी मानसिकता यह होनी चाहिये कि हम सब एक है। इसीलिए निःशक्त को सशक्त बनाना हमारा पहला मानवीय कर्तव्य होता है। दिव्यांग हमसे दया नहीं बल्कि अपनापन चाहते हैं, दिव्यांग जीवन में संघर्ष का पर्याय होते हैं।

यह सब निर्बल नहीं अपितु सबल होते हैं, जो कि जीवन में विपरीत परिस्थिति में रहकर जीवन में डटे रहने का संदेश देते हैं। हमें इनसे जीवन में संघर्षशील और संयमित रहकर कैसे जीना है इसकी प्रेरणा लेनी चाहिये। यदि हम सकारात्मक मानसिकता से सोचें तो आप पायेंगे कि हम दिव्यांगों के लिए नहीं बल्कि दिव्यांग हमारे प्रेरणा स्त्रोत है।

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों के विकास व उत्थान के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं, मेरा आग्रह है कि दिव्यांग भाई–बहिन योजनाओं का लाभ उठाएं।

ऐसे बहुत से प्रकरण देखने को मिलेंगे जिन्होंने दिव्यांग होने के बाद भी समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया है। दिव्यांग भाई–बहनों की दृढ इच्छाशक्ति समाज के लिए प्रेरणादायी होती है। पैरा ओलम्पिक में दिव्यांग खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन इसका एक अच्छा उदाहरण है।

समाज सेवी संस्थाओं द्वारा यहां स्कूटी वितरित किया जाना पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा है। यह प्रशंसनीय

कार्य है। मैं समाज में सेवा कार्यों में प्रयासरत ऐसी संस्थाओं से आग्रह करूंगा कि वह दिव्यांगों के चंहुमुखी उत्थान के लिए आगे आए और उन्हें सम्बल प्रदान करते हुए उनका अंग बने। यह कार्यक्रम अपने उद्‌देश्यों की प्राप्ति करें।

मुझे इस समारोह में बुलाया इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ।

धन्यवाद। जय हिन्द।